**CLASS : 12th (Sr. Secondary)** **Code No. 2003**

**Series : SS-M/2017**

*रोल नं०* | | | | | | | | | | |

***SET : A***

# हिन्दी केन्द्रिक (कोर)

**[ सभी वर्ग I, II, III के लिए ]**

***ACADEMIC /OPEN***

(Only for Fresh Candidates)

***(Evening Session)***

*समय : **3** घण्टे ]* *[ पूर्णांक : **80***

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित प्रश्न **11** हैं।*
- *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिये गये **कोड नम्बर** तथा **सेट** को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।*
- *कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/पन्ने न छोड़ें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।*
- *परीक्षार्थी अपना रोल नं० प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें।*
- *कृपया प्रश्नों का उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है, **परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।***

***सामान्य निर्देश :***

*(i)* ***सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।***

*(ii) प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सामने दिये गये हैं।*

*(iii) शुद्ध, सार्थक एवं तर्कसंगत उत्तरों को उचित अधिमान दिया जाएगा। वर्तनीगत अशुद्धियों तथा विषयांतर की स्थिति में कम/शून्य अंक देकर दण्डित किया जा सकता है।*



www.mseducationtv.com

**1.** निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के ***उचित*** विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : $1 \times 6 = 6$

(i) दिन ढलने के साथ ही बच्चे कहाँ से झांकने लगते हैं ?

(क) नीड़ों से (ख) पेड़ों से

(ग) खेतों से (घ) घरों से

(ii) 'पतंग' कविता में कपास किसका प्रतीक है ?

(क) सफेदी (ख) कोमलता

(ग) गरमाई (घ) नरमाई

(iii) दौड़ते भागते बच्चे दिशाओं को किसकी तरह बजाते हैं ?

(क) ढोलक (ख) सितार

(ग) मृदंग (घ) बाजा

(iv) बात कवि के साथ किसके समान खेल रही थी ?

(क) शरारती बच्चे (ख) खिलौने

(ग) भाषा (घ) पेंच

(v) आतंक अंक पर कौन काँप रहे हैं ?

(क) मजदूर (ख) धनी

(ग) गरीब (घ) शोषित

(vi) 'रुबाइयाँ' कविता में किसके लच्छे चमक रहे हैं ?

(क) खिलौनों के (ख) पटाखों के

(ग) राखी के (घ) मिठाई के

**2.** निम्नलिखित काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 5

उसससे पूछेंगे तो आप क्या अपाहिज हैं ?

तो आप क्यों अपाहिज हैं ?



www.mseducationtv.com

आपका अपाहिजपन तो दुख देता होगा

देता है ?

(कैमरा दिखाओ इसे बड़ा-बड़ा)

हाँ तो बताइए आपका दुख क्या है ?

**अथवा**

जथा पंख बिनु खग अति दीना। मनि बिनु फनि करिबर कर हीना

अस मम जिवन बंधु बिन तोही। जौ जड़ दैव जिआवै मोही

जैहउँ अवध कवन मुहु लाई। नारि हेतु प्रिय भाइ गँवाई।

बरु अपजस सहतेउँ जग माही। नारि हानि बिसेष छति नाहीं।।

**3.** गजानन माधव मुक्तिबोध ***अथवा*** उमाशंकर जोशी के जीवन, रचनाओं व भाषा-शैली का संक्षिप्त परिचय दीजिए। 4

**4.** निम्नलिखित काव्यांश का काव्य-सौन्दर्य स्पष्ट कीजिए : 2

हँसते हैं छोटे पौधे लघुभार

शस्य अपार,

हिल-हिल

खिल-खिल

हाथ हिलाते

तुझे बुलाते

विप्लव रव से छोटे ही हैं शोभा पाते

**5.** निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए :

4 + 4 = 8



www.mseducationtv.com

(क) भोर के नभ को राख से लीपा चौका क्यों कहा गया है ?

(ख) 'बात सीधी थी पर' कविता का मूलभाव स्पष्ट कीजिए।

(ग) रचना के सन्दर्भ में अंधड़ और बीज क्या है ?

**6.** निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के ***उचित*** विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : $1 \times 7 = 7$

(i) भक्तिन कहाँ की रहने वाली थी ?

(क) झाँसी (ख) हाँसी

(ग) झूँसी (घ) हुँसी

(ii) 'बाजार दर्शन' पाठ में फिजूल सामान को फिजूल समझने वाले लोगों को क्या कहा है ?

(क) मूर्ख (ख) संयमी

(ग) बुद्धिमान (घ) मितव्ययी

(iii) 'काले मेघा पानी दे' पाठ में 'बोल गंगा मैया की जय' का पहला नारा कौन लगाता था ?

(क) मेढक मण्डली (ख) ऋषि समूह

(ग) पुजारी (घ) जीजी

(iv) सफिया अपने भाइयों से मिलने कहाँ जा रही थी ?

(क) ढाका (ख) कराची

(ग) लाहौर (घ) अमृतसर

(v) चार्ली चैप्लिन की कला ने कितनी पीढ़ियों को मुग्ध किया है ?

(क) दो (ख) तीन

(ग) चार (घ) पाँच



www.mseducationtv.com

(vi) उमस और लू में कौन-सा पेड़ कालजयी अवधूत की भाँति अजेय है ?

(क) पलाश (ख) शिरीष

(ग) गुलाब (घ) गुलमोहर

(vii) आधुनिक सभ्य समाज कार्यकुशलता के लिए किसे आवश्यक मानता है ?

(क) जाति प्रथा को (ख) श्रम विभाजन को

(ग) शिक्षा को (घ) प्रोत्साहन को

**7.** निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 5

भक्तिन को नौकर कहना उतना ही असंगत होगा जितना अपने घर में बारी-बारी से आने वाले अंधेरे-उजाले और आँगन में फूलने वाले गुलाब और आम को सेवक मानना। वे जिस प्रकार एक अस्तित्व रखते हैं, जिसे सार्थकता देने के लिए हमें सुख-दुख देते हैं, उसी प्रकार भक्तिन का स्वतन्त्र व्यक्तित्व अपने विकास के परिचय के लिए ही मेरे जीवन को घेरे हुए हैं।

**अथवा**

शिरीष वायुमण्डल से रस खींचकर इतना कोमल और कठोर है। गाँधी भी वायुमण्डल से रस खींचकर इतना कोमल और कठोर हो सका था। मैं जब-जब शिरीष की ओर देखता हूँ तब-तब हूक उठती है – हाय, वह अवधूत आज कहाँ है।

**8.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) 'बाजार दर्शन' पाठ का मूलभाव स्पष्ट कीजिए। 4

(ख) जीवन की जद्दोजहद ने चार्ली के व्यक्तित्व को कैसे सम्पन्न बनाया ? 2

(ग) पहलवान की ढोलक का पूरे गाँव पर क्या असर होता था ? 2

**9.** '***वितान भाग-2***' के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $2 \times 5 = 10$

(क) यशोधर बाबू की पत्नी समय के साथ ढल सकने में सफल कैसे होती है ?



www.mseducationtv.com

(ख) 'जूझ' पाठ में खेल में काम करते समय लेखक का अकेलापन कैसे दूर हो गया था ?

(ग) श्री सौंदलगेकर के अध्यापन की किन्हीं ***दो*** विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(घ) मोहनजोदड़ो में जल निकासी की व्यवस्था कैसे की गई थी ?

(ङ) ऐन की अज्ञातवास के समय क्या-क्या रुचियाँ थीं ?

**10.** (क) '***अभिव्यक्ति और माध्यम***' के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $1 \times 5 = 5$

(i) भारत में इन्टरनेट का प्रारम्भ कब हुआ ?

(ii) भारत का पहला छापाखाना कहाँ स्थापित हुआ ?

(iii) कहानी का केन्द्र बिन्दु क्या है ?

(iv) ऑल इण्डिया रेडियो की स्थापना कब हुई ?

(v) समाचार के छः ककार कौन-कौन से हैं ?

(ख) फ़ीचर से आप क्या समझते हैं ? यह कैसे लिखा जाता है ? 5

**अथवा**

समाचार कैसे लिखा जाता है ? स्पष्ट कीजिए।

(ग) कविता के प्रमुख घटकों का उल्लेख कीजिए। 5

**अथवा**

नए एवं अप्रत्याशित विषयों पर लेखन में क्या-क्या बाधाएँ आती हैं ?

**11.** (क) (i) विसर्ग सन्धि की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। 2

(ii) निम्नलिखित की सन्धि कीजिए : 1

सप्त + ऋषि

(ख) (i) द्विगु समास की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। 2

(ii) विग्रह करके समास का नाम भी लिखिए : 1

कनकलता

(ग) उपमा अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। 2



www.mseducationtv.com

(घ) वाक्य शुद्ध कीजिए : 1 + 1

(i) बच्चे को दूध नहलाकर पिलाओ।

(ii) बेफिजूल बातें मत करो।



www.mseducationtv.com

**CLASS : 12th (Sr. Secondary)** **Code No. 2003**

**Series : SS-M/2017**

रोल नं० | | | | | | | | | | |

**SET : B**

# हिन्दी केन्द्रिक (कोर)

**[ सभी वर्ग I, II, III के लिए ]**

***ACADEMIC /OPEN***

(Only for Fresh Candidates)

***(Evening Session)***

*समय : **3** घण्टे ]* *[ पूर्णांक : **80***

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित प्रश्न **11** हैं।*
- *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिये गये **कोड नम्बर** तथा **सेट** को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।*
- *कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/पन्ने न छोड़ें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।*
- *परीक्षार्थी अपना रोल नं० प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें।*
- *कृपया प्रश्नों का उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है, **परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।***

*सामान्य निर्देश :*

*(i)* ***सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।***

*(ii) प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सामने दिये गये हैं।*

*(iii) शुद्ध, सार्थक एवं तर्कसंगत उत्तरों को उचित अधिमान दिया जाएगा। वर्तनीगत अशुद्धियों तथा विषयांतर की स्थिति में कम/शून्य अंक देकर दण्डित किया जा सकता है।*



www.mseducationtv.com

**1.** निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के ***उचित*** विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : $1 \times 6 = 6$

(i) पतंग उड़ाते बच्चे को महज एक धागे के सहारे कौन थाम लेती है ?

(क) पतंगों की ऊँचाइया (ख) मुंडेर

(ग) सीढ़ियाँ (घ) रोमांचित शरीर का संगीत

(ii) बात कवि के साथ किसके समान खेल रही थी ?

(क) खिलौने (ख) पेंच

(ग) बच्चे (घ) भाषा

(iii) 'सहर्ष स्वीकारा है' कविता में बहलाती, सहलाती आत्मीयता क्या नहीं होती है ?

(क) बरदाश्त (ख) खत्म

(ग) कम (घ) ज्यादा

(iv) बादल राग कविता में कवि ने सुखों को कैसा बताया है ?

(क) स्थिर (ख) अस्थिर

(ग) मायावी (घ) अदृश्य

(v) लक्ष्मण के जीवित होने की खबर सुनकर रावण किसके पास जाता है ?

(क) मेघनाद (ख) हनुमान

(ग) राम (घ) कुंभकरण

(vi) कवि ने अभिव्यक्ति रूपी बीज किस पर बोया था ?

(क) कागज के पृष्ठ पर (ख) आंगन में

(ग) छत पर (घ) खेत में

**2.** निम्नलिखित काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 5

गरबीली गरीबी यह, ये गम्भीर अनुभव सब
यह विचार-वैभव सब



www.mseducationtv.com

दृढ़ता यह, भीतर की सरिता यह अभिनव सब
मौलिक है, मौलिक है
इसलिए कि पल-पल में
जो कुछ भी जाग्रत है अपलक है —
संवेदन तुम्हारा है!

**अथवा**

नील जल में या किसी की
गौर झिलमिल देह
जैसे हिल रही हो
और
जादू टूटता है इस उषा का अब
सूर्योदय हो रहा है।

**3.** रघुवीर सहाय ***अथवा*** उमाशंकर जोशी के जीवन, रचनाओं व भाषाशैली का संक्षिप्त परिचय दीजिए। 4

**4.** निम्नलिखित काव्यांश का काव्य-सौन्दर्य स्पष्ट कीजिए : 2

छोटा मेरा खेत चौकोना

कागज़ का एक पन्ना,

कोई अंधड़ कहीं से आया

क्षण का बीज वहाँ बोया गया।

**5.** निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 4 + 4 = 8

(क) पतंग कविता का मूलभाव स्पष्ट कीजिए।



www.mseducationtv.com

(ख) 'बगुलों के पंख' कविता में कवि किसे रोकना चाहता है और क्यों ?

(ग) 'बात सीधी थी पर' कविता का मूलभाव स्पष्ट कीजिए।

**6.** निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के ***उचित*** विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : $1 \times 7 = 7$

(i) सेवक धर्म में भक्तिन किससे स्पर्द्धा करने वाली थी ?

(क) शबरी (ख) हनुमान

(ग) सुग्रीव (घ) लक्ष्मण

(ii) भक्तिन का विवाह किस उम्र में हुआ था ?

(क) पाँच वर्ष (ख) सात वर्ष

(ग) चार वर्ष (घ) आठ वर्ष

(iii) बाज़ार दर्शन पाठ में लेखक का मित्र किसके साथ बाजार गया ?

(क) लेखक के (ख) मित्र के

(ग) पत्नी के (घ) पड़ोसी के

(iv) 'काले मेघा पानी दे' पाठ में लेखक को किस सभा का उपमंत्री बनाया गया ?

(क) आर्य समाज (ख) विधान सभा

(ग) ग्राम सुधार सभा (घ) कुमार सुधार सभा

(v) सफिया की माँ सफेद बारीक मलमल का दुपट्टा कब ओढ़ा करती थी ?

(क) ईद पर (ख) रक्षाबन्धन पर

(ग) मुहर्रम पर (घ) होली पर

(vi) फ्रांसीसी क्रांति के नारे में कौन-सा शब्द विवाद का विषय रहा है ?

(क) राजतंत्र (ख) स्वतंत्रता

(ग) समता (घ) भाईचारा



www.mseducationtv.com

(vii)लुट्टन पहलवान ने चाँद सिंह को कहाँ के दंगल में हराया ?

(क) जाम नगर (ख) श्याम नगर

(ग) भाव नगर (घ) चाँद नगर

**7.** निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 5

लेकिन ऊँचे बाजार का आमन्त्रण मूक होता है और उससे चाह जगती है। चाह मतलब अभाव। चौक बाज़ार में खड़े होकर आदमी को लगने लगता है कि उसके पास काफी नहीं है और चाहिए, और चाहिए। मेरे यहाँ कितना परिमित है और यहाँ कितना अतुलित है ओह !

**अथवा**

चार्ली की अधिकांश फिल्में भाषा का इस्तेमाल नहीं करतीं इसलिए उन्हें ज्यादा से ज्यादा मानवीय होना पड़ा। सवाक् चित्रपट पर कई बड़े-बड़े कामेडियन हुए हैं, लेकिन वे चार्ली की सार्वभौमिकता तक क्यों नहीं पहुँच पाए इसकी पड़ताल अभी होने को है। चार्ली का चिर युवा होना या बच्चों जैसा दिखना एक विशेषता तो है ही, सबसे बड़ी विशेषता शायद यह है कि वे किसी भी संस्कृति को विदेशी नहीं लगते।

**8.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) जाति-प्रथा को श्रम विभाजन का ही एक रूप न मानने के पीछे अम्बेडकर ने क्या तर्क दिए ? 4

(ख) लेखक ने शिरीष को कालजयी अवधूत की तरह क्यों माना है ? 2

(ग) 'पहलवान की ढोलक' कहानी का उद्देश्य लिखिए। 2

**9.** '***वितान भाग-2***' के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

$2 \times 5 = 10$

(क) यशोधर बाबू की कहानी को दिशा देने में किशनदा की क्या भूमिका रही है ?



www.mseducationtv.com

(ख) 'जूझ' पाठ में बचपन में लेखक के मन में पढ़ने के प्रति क्या विचार थे ?

(ग) मोहनजोदड़ो कहाँ बसा हुआ था ? इसे विशेष प्रकार से क्यों बसाया गया था ?

(घ) ऐन के स्त्री-पुरुष अधिकारों पर क्या विचार थे ?

(ङ) कैबिनेट मंत्री मिस्टर बोल्के स्टीन ने क्या घोषित किया था कि जिससे ऐन को खुशी मिली थी ?

**10.** (क) 'अभिव्यक्ति और माध्यम' के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $1 \times 5 = 5$

(i) समाचार लेखन में किस शैली का प्रयोग करते हैं ?

(ii) मुद्रित माध्यम के अंतर्गत क्या-क्या आता है ?

(iii) छापेखाने का आविष्कार किसने किया था ?

(iv) कहानी का केन्द्र बिन्दु किसे कहा जाता है ?

(v) रेडियो नाटक किस प्रकार का माध्यम है ?

(ख) दृश्य-श्रव्य माध्यमों की तुलना में श्रव्य माध्यमों की क्या सीमाएँ हैं ? इन सीमाओं को किस तरह पूरा किया जा सकता है ? 5

**अथवा**

फीचर से आप क्या समझते हैं ? यह कैसे लिखा जाता है ?

(ग) कहानी को नाटक में किस प्रकार रूपान्तरित किया जा सकता है ? 5

**अथवा**

समाचार कैसे लिखा जाता है ? स्पष्ट कीजिए।

**11.** (क) (i) स्वर सन्धि की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। 2

(ii) निम्नलिखित की सन्धि कीजिए : 1

अति + आचार



www.mseducationtv.com

(ख) (i) द्वन्द्व समास की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। 2

(ii) विग्रह करके समास का नाम भी लिखिए : 1

लम्बोदर

(ग) उपमा अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। 2

(घ) वाक्य शुद्ध कीजिए : 2

(i) यह कहानी सौद्देश्यतापूर्ण है।

(ii) वन में मुझे एक पक्षियों का झुंड दिखाई दिया ?



www.mseducationtv.com

**CLASS : 12th (Sr. Secondary)** **Code No. 2003**

**Series : SS-M/2017**

*रोल नं०* | | | | | | | | | | |

***SET : C***

# हिन्दी केन्द्रिक (कोर)

**[ सभी वर्ग I, II, III के लिए ]**

***ACADEMIC /OPEN***

(Only for Fresh Candidates)

***(Evening Session)***

*समय : **3** घण्टे ]* *[ पूर्णांक : **80***

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित प्रश्न **11** हैं।*
- *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिये गये **कोड नम्बर** तथा **सेट** को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।*
- *कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/पन्ने न छोड़ें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।*
- *परीक्षार्थी अपना रोल नं० प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें।*
- *कृपया प्रश्नों का उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है, **परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।***

*सामान्य निर्देश :*

*(i) **सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।***

*(ii) प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सामने दिये गये हैं।*

*(iii) शुद्ध, सार्थक एवं तर्कसंगत उत्तरों को उचित अधिमान दिया जाएगा। वर्तनीगत अशुद्धियों तथा विषयांतर की स्थिति में कम/शून्य अंक देकर दण्डित किया जा सकता है।*



www.mseducationtv.com

**1.** निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के ***उचित*** विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : $1 \times 6 = 6$

(i) पतंग कविता में 'कपास' किसका प्रतीक है ?

(क) प्रकाश (ख) अन्धकार

(ग) कोमलता (घ) सफेदी

(ii) किसके चक्कर में सीधी बात टेढ़ी फँस गई ?

(क) धैर्य (ख) भाषा

(ग) ताकत (घ) कसाव

(iii) 'कैमरे में बंद अपाहिज' करुणा के मुखौटे में छिपी किसकी कविता है ?

(क) क्रूरता (ख) दया

(ग) वात्सल्य (घ) परोपकार

(iv) 'सहर्ष स्वीकारा है' कविता के अनुसार ममता के बादल की मंडराती कोमलता कहाँ पिराती है ?

(क) भीतर (ख) बाहर

(ग) सर्वत्र (घ) बीचोबीच

(v) लक्ष्मण के मूर्च्छित होने पर सामान्य मनुष्य की तरह कौन विलाप करने लगता है ?

(क) राम (ख) हनुमान

(ग) सीता (घ) वानर

(vi) 'उषा' कविता में प्रातःकालीन नीला आकाश किसके जैसा बताया गया है ?

(क) केसर (ख) शंख

(ग) सिंदूर (घ) सिल

**2.** निम्नलिखित काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 5

उससे पूछेंगे तो आप क्या अपाहिज हैं ?



www.mseducationtv.com

तो आप अपाहिज क्यों हैं ?

आपका अपाहिजपन तो दुख देता होगा।

देता है ?

(कैमरा दिखाओ इसे बड़ा-बड़ा)

हाँ तो बताइए आपका दुख क्या है ?

**अथवा**

कथा कहीं सब तेहि अभिमानी। जेहि प्रकार सीता हरि आनी।

तात कपिन्ह सब निसिचर मारे। महा-महा जोधा संघारे।।

दुर्मुख सुररिपु मनुज अहारी। भट अतिकाय अकंपन भारी।

अपर महोदर आदिक बीरा। परे समर महि सब रनधीरा।।

**3.** हरिवंश राय बच्चन ***अथवा*** गजानन माधव मुक्तिबोध के जीवन, रचनाओं व भाषा-शैली का संक्षिप्त परिचय दीजिए। 4

**4.** निम्नलिखित काव्यांश का काव्य-सौन्दर्य स्पष्ट कीजिए : 2

हँसते हैं छोटे पौधे लघुभार

शस्य अपार,

हिल-हिल

खिल-खिल

हाथ हिलाते

तुझे बुलाते

विप्लव रव से छोटे ही हैं शोभा पाते।

**5.** निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए :

4 + 4 = 8



www.mseducationtv.com

(क) 'बात सीधी थी पर' कविता का मूलभाव स्पष्ट कीजिए।

(ख) भोर के नभ को राख से लीपा चौका क्यों कहा गया है ?

(ग) 'पतंग' कविता का मूलभाव स्पष्ट कीजिए।

**6.** निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के ***उचित*** विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : $1 \times 7 = 7$

(i) पति की मृत्यु के समय भक्तिन की आयु कितने वर्ष थी ?

(क) 26 वर्ष (ख) 29 वर्ष

(ग) 36 वर्ष (घ) 39 वर्ष

(ii) 'काले मेघा पानी दे' पाठ में लेखक को कुमार सुधार सभा का कौन-सा पद दिया गया ?

(क) मंत्री (ख) महामंत्री

(ग) उपमंत्री (घ) सहमंत्री

(iii) लुट्टन पहलवान अपने हाथों को दोनों ओर कितनी डिग्री की दूरी पर फैलाकर चलने लगा था ?

(क) 30 डिग्री (ख) 45 डिग्री

(ग) 60 डिग्री (घ) 75 डिग्री

(iv) चार्ली चैप्लिन ने फिल्म कला को क्या बनाया ?

(क) गणतांत्रिक (ख) निरंकुशवादी

(ग) साम्राज्यवादी (घ) लोकतांत्रिक

(v) सफिया अपने भाइयों से मिलने कहाँ जा रही थी ?

(क) ढाका (ख) कराची

(ग) लाहौर (घ) अमृतसर



www.mseducationtv.com

(vi) शिरीष के फूल को संस्कृत साहित्य में कैसा माना गया है ?

(क) कोमल (ख) सख्त

(ग) कठोर (घ) मजबूत

(vii)लेखक ने कवि बनने के लिए क्या बनना आवश्यक माना है ?

(क) सुखी (ख) दुखी

(ग) फक्कड़ (घ) विद्‌वान

**7.** निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 5

शिरीष वायुमण्डल से रस खींचकर इतना कोमल और कठोर है। गाँधी भी वायुमण्डल से रस खींचकर इतना कोमल और कठोर हो सका था। मैं जब-जब शिरीष की ओर देखता हूँ तब-तब हूक उठती है – हाय, वह अवधूत आज कहाँ है।

**अथवा**

सियारों का क्रन्दन और पेचक की डरावनी आवाज कभी-कभी निस्तब्धता को अवश्य भंग कर देती थी। गाँव की झोपड़ियों से कराहने और कै करने की आवाज, 'हरे राम, हे भगवान !' की टेर अवश्य सुनाई पड़ती थी। बच्चे भी कभी-कभी निर्बल कंठों से 'माँ-माँ' पुकारकर रो पड़ते थे। पर इससे रात्रि की निस्तब्धता में विशेष बाधा नहीं पड़ती थी।

**8.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) जीवन की जद्‌दोजहद ने चार्ली के व्यक्तित्व को कैसे सम्पन्न बनाया ? 4

(ख) 'काले मेघा पानी दे' पाठ के माध्यम से लेखक क्या कहना चाहता है ? 2

(ग) 'नमक' कहानी का मूलभाव स्पष्ट कीजिए। 2

**9.** ***वितान (भाग-2)*** के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $2 \times 5 = 10$

(क) सिल्वर वैडिंग कहानी का प्रतिपाद्य स्पष्ट कीजिए।



www.mseducationtv.com

(ख) 'जूझ' पाठ में कविता के प्रति लगाव के बाद अकेलेपन के बारे में लेखक की अवधारणा में क्या बदलाव आया ?

(ग) 'अतीत में दबे पाँव' पाठ के कथ्य पर प्रकाश डालिए।

(घ) अज्ञातवास के दौरान ऐन और वानदान परिवार बिजली क्यों नहीं जलाते थे ?

(ङ) मोहनजोदड़ो में जल-निकासी की व्यवस्था कैसे की गई थी ?

**10.** (क) ***'अभिव्यक्ति और माध्यम'*** के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $1 \times 5 = 5$

(i) नाटक का महत्त्वपूर्ण अंग कौन-सा है ?

(ii) समाचार लेखन के लिए कितने ककार आवश्यक हैं ?

(iii) पत्रकार कितने प्रकार के होते हैं ?

(iv) ऑल इण्डिया रेडियो की स्थापना कब हुई ?

(v) कहानी का केन्द्र बिन्दु क्या है ?

(ख) फ़ीचर से आप क्या समझते हैं ? यह कैसे लिखा जाता है ? 5

**अथवा**

कहानी को नाटक में किस प्रकार रूपान्तरित किया जा सकता है ?

(ग) 'अध्यापक और शिष्य' के बीच संवादों को लिखिए। 5

**11.** (क) (i) विसर्ग सन्धि की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। 2

(ii) निम्नलिखित की सन्धि कीजिए : 1

पौ + अक

(ख) (i) तत्पुरुष समास की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। 2

(ii) विग्रह करके समास का नाम भी लिखिए : 1

प्रतिदिन

(ग) उत्प्रेक्षा अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। 2



www.mseducationtv.com

(घ) वाक्य शुद्ध कीजिए : 1 + 1

(i) विद्यालय में पढ़ने के तदुपरान्त छात्र घर गए।

(ii) बेफिजूल बातें मत करो।



www.mseducationtv.com

**CLASS : 12th (Sr. Secondary)** **Code No. 2003**

**Series : SS-M/2017**

*रोल नं०* | | | | | | | | | | |

***SET : D***

# हिन्दी केन्द्रिक (कोर)

**[ सभी वर्ग I, II, III के लिए ]**

***ACADEMIC /OPEN***

(Only for Fresh Candidates)

***(Evening Session)***

*समय : **3** घण्टे ]* *[ पूर्णांक : **80***

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित प्रश्न* **11** *हैं।*
- *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिये गये **कोड नम्बर** तथा **सेट** को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।*
- *कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/पन्ने न छोड़ें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।*
- *परीक्षार्थी अपना रोल नं० प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें।*
- *कृपया प्रश्नों का उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है, **परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।***

***सामान्य निर्देश :***

*(i)* ***सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।***

*(ii) प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सामने दिये गये हैं।*

*(iii) शुद्ध, सार्थक एवं तर्कसंगत उत्तरों को उचित अधिमान दिया जाएगा। वर्तनीगत अशुद्धियों तथा विषयांतर की स्थिति में कम/शून्य अंक देकर दण्डित किया जा सकता है।*



www.mseducationtv.com

**1.** निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के ***उचित*** विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : $1 \times 6 = 6$

(i) दिन ढलने के साथ ही बच्चे कहाँ से झाँकने लगे होंगे ?

(क) पेड़ों से (ख) नीड़ों से

(ग) घरों से (घ) खेतों से

(ii) 'पतंग' उड़ाते बच्चे को महज एक धागे के सहारे कौन थाम लेती है ?

(क) पतंगों की ऊँचाइयाँ (ख) सीढ़ियाँ

(ग) मुंडेर (घ) रोमांचित शरीर का संगीत

(iii) बात कवि के साथ किसके समान खेल रही थी ?

(क) पेंच (ख) खिलौने

(ग) भाषा (घ) बच्चे

(iv) लक्ष्मण के मूर्च्छित होने पर सामान्य मनुष्य की तरह कौन विलाप करने लगता है ?

(क) राम (ख) भरत

(ग) वानर (घ) लक्ष्मण

(v) बगुलों के पंखों का रंग कैसा है ?

(क) काला (ख) नीला

(ग) सफेद (घ) मटमैला

(vi) कवि ने अभिव्यक्ति रूपी बीज किस पर बोया था ?

(क) कागज़ के पृष्ठ पर (ख) आँगन में

(ग) खेत में (घ) छत पर

**2.** निम्नलिखित काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 5

जन्म से ही वे अपने साथ लाते हैं कपास
पृथ्वी घूमती हुई आती है उनके बेचैन पैरों के पास



www.mseducationtv.com

जब वे दौड़ते हैं बेसुध
छतों को भी नरम बनाते हुए
दिशाओं को मृदंग की तरह बजाते हुए

**अथवा**

कथा कही सब तेहि अभिमानी। जेहि प्रकार सीता हरि आनी।
तात कपिन्ह सब निशिचर मारे। महा-महा जोधा संघारे।।
दुर्मुख, सुररिपु मनुज अहारी। भट अतिकाय अकंपन भारी।
अपर महोदर आदिक बीरा। परे समर महि सब रनधीरा।।

**3.** रघुवीर सहाय ***अथवा*** उमाशंकर जोशी के जीवन, रचनाओं व भाषाशैली का संक्षिप्त परिचय दीजिए। 4

**4.** निम्नलिखित काव्यांश का काव्य-सौन्दर्य स्पष्ट कीजिए : 2

छोटा मेरा खेत चौकोना
कागज़ का एक पन्ना
कोई अंधड़ कहीं से आया
क्षण का बीज वहाँ बोया गया।

**5.** निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 4 + 4 = 8

(क) 'विप्लव रव से छोटे ही हैं शोभा पाते' पंक्ति में कवि क्या स्पष्ट करना चाहता है ?

(ख) 'बात सीधी थी पर' कविता का मूलभाव स्पष्ट कीजिए।

(ग) बगुलों के पंख कविता में कवि किसे रोकना चाहता है और क्यों ?

**6.** निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उचित विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : $1 \times 7 = 7$

(i) सेवक धर्म में भक्तिन किससे स्पर्द्धा करने वाली थी ?



www.mseducationtv.com

(क) सुग्रीव (ख) लक्ष्मण

(ग) शबरी (घ) हनुमान

(ii) लेखक ने 'बाजार दर्शन' पाठ में चूरनवाले को 'अकिंचित्कर' कहा है, जिसका अर्थ है :

(क) ठग (ख) भिखारी

(ग) अर्थहीन (घ) व्यापारी

(iii) 'काले मेघा पानी दे' पाठ में लेखक को किस सभा का उपमंत्री बनाया गया ?

(क) आर्य समाज (ख) ग्राम सुधार

(ग) कुमार सुधार सभा (घ) विधान सभा

(iv) सफिया अपने भाइयों से मिलने कहाँ जा रही थी ?

(क) ढाका (ख) कराची

(ग) लाहौर (घ) अमृतसर

(v) पुराने फलों को अपने स्थान से न हटते देखकर कवि को किसकी याद आती है ?

(क) नेताओं की (ख) बुजुर्गों की

(ग) महात्मा गांधी की (घ) कालिदास की

(vi) फ्रांसीसी क्रांति के नारे में कौन-सा शब्द विवाद का विषय रहा ?

(क) राजतंत्र (ख) प्रजातंत्र

(ग) भाई चारा (घ) समता

(vii) 'काले मेघा पानी दे' पाठ में 'बोल गंगा मैया की जय' का पहला नारा कौन लगाता था ?

(क) मेंढ़क मण्डली (ख) ऋषिगण

(ग) जीजी (घ) गंगा स्नान करने वाले



www.mseducationtv.com

**7.** निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 5

शिरीष वायुमण्डल से रस खींचकर इतना कोमल और कठोर है। गाँधी भी वायुमण्डल से रस खींचकर इतना कोमल और कठोर हो सका था। मैं जब-जब भी शिरीष की ओर देखता हूँ तब-तब हूक उठती है — हाय, वह अवधूत आज कहाँ है!

**अथवा**

चार्ली की अधिकांश फिल्में भाषा का इस्तेमाल नहीं करतीं इसलिए उन्हें ज्यादा-से-ज्यादा मानवीय होना पड़ा। सवाक् चित्रपट पर कई बड़े-बड़े कॉमेडियन हुए हैं, लेकिन वे चैप्लिन की सार्वभौमिकता तक क्यों नहीं पहुँच पाए इसकी पड़ताल अभी होने को है। चार्ली का चिर-युवा होना या बच्चों जैसा दिखना एक विशेषता तो है ही, सबसे बड़ी विशेषता शायद यह है कि वे किसी भी संस्कृति को विदेशी नहीं लगते।

**8.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) नमक कहानी का मूलभाव स्पष्ट कीजिए। 4

(ख) भक्तिन द्वारा शास्त्र के प्रश्न को सुविधा से सुलझा लेने का क्या उदाहरण लेखिका ने दिया है ? 2

(ग) राजदरबार से निकाले जाने के बाद लुट्टन पहलवान और उसके बेटों की आजीविका कैसे चलती थी ? 2

**9.** ***वितान भाग-2*** के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $2 \times 5 = 10$

(क) सिल्वर वैडिंग कहानी का प्रतिपाद्य स्पष्ट कीजिए।



www.mseducationtv.com

(ख) 'जूझ' पाठ में कविता के प्रति लगाव के बाद अकेलेपन के बारे में लेखक की अवधारणा में क्या बदलाव हुआ ?

(ग) श्री सौंदलगेकर के अध्यापन की किन्हीं दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(घ) ऐन की अज्ञातवास के समय क्या-क्या रुचियाँ थीं ?

(ङ) कैबिनेट मंत्री मिस्टर बोल्के स्टीन ने क्या घोषित किया कि जिससे ऐन को खुशी मिली थी ?

**10.** (क) ***'अभिव्यक्ति और माध्यम'*** के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $1 \times 5 = 5$

(i) भारत में इन्टरनेट का प्रारम्भ कब हुआ ?

(ii) भारत का पहला छापाखाना कहाँ स्थापित हुआ ?

(iii) कहानी का केन्द्र बिन्दु क्या है ?

(iv) ऑल इण्डिया रेडियो की स्थापना कब हुई ?

(v) समाचार के छः ककार कौन-कौन से हैं ?

(ख) दृश्य श्रव्य माध्यमों की तुलना में श्रव्य माध्यमों की क्या सीमाएँ हैं ? इन सीमाओं को किस तरह पूरा किया जा सकता है ?

5

**अथवा**

समाचार कैसे लिखा जाता है ? स्पष्ट कीजिए।

(ग) परीक्षा को लेकर अध्यापक और शिष्य के बीच संवादों को लिखिए। 5

**11.** (क) (i) स्वर सन्धि की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। 2

(ii) निम्नलिखित की सन्धि कीजिए : 1

रमा + ईश



www.mseducationtv.com

(ख) (i) कर्मधारय समास की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। 2

(ii) विग्रह करके समास का नाम भी लिखिए : 1

राजकुमार

(ग) अनुप्रास अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। 2

(घ) वाक्य शुद्ध कीजिए : 1 + 1

(i) वह दिनभर बेफिजूल बातें करता है।

(ii) मैं कल एक सज्जन व्यक्ति से मिला।



www.mseducationtv.com